## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक 11/07/2026**

**● साइबर ठग द्वारा शिकायतकर्ता को रूपये भेजने की कहकर पेमेंट रिक्वेस्ट भेजकर यूपीआई के माध्यम से ₹93,339/- की साइबर ठगी की गयी।**

**● थाना मंगलपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में सम्पूर्ण धनराशि ₹93,339/- वापस करायी गयी ।**

अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शिकायतकर्ता श्री भारत सिंह पुत्र झुमक लाल निवासी ग्राम जसापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के साथ साइबर ठग द्वारा रूपये भेजने की कहकर पेमेंट रिक्वेस्ट भेजकर यू0पी0आई0 के माध्यम से ₹93,339/- की साइबर ठगी की गयी थी । जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 12/10/2025 थाना मंगलपुर (साइबर हेल्प डेस्क), जनपद कानपुर देहात पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। । जिस पर थाना मंगलपुर (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की कटी हुई सम्पूर्ण धनराशि ₹93,339/- को शिकायतकर्ता के खाते में वापस करायी गयी । पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना मंगलपुर पुलिस का धन्यवाद दिया।

### वापस करायी गयी धनराशि:-

**₹93,339/-**

1. मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2. आनलाइन फ्रॉड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करायें।

### धनराशि वापस कराने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री महेश कुमार दुबे
2. क0आ0 रवि चौहान